मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-450
11/10/2022

मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 11 अक्टूबर 2022 :– आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर आयकर गोलम्बर स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन, बिहार गीत एवं भजन कीर्तन का गायन किया।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती हमलोग मना रहे हैं। हमलोग उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने यहां आते हैं। उनकी स्मृति में हमलोग सब काम करते रहते हैं। हमारी इच्छा थी कि इसी जगह पर उनकी प्रतिमा बननी चाहिए और यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में ही हमलोगों ने काम किया है। जे0पी0 आंदोलन में हमलोगों ने उनके नेतृत्व में भाग लिया। हमलोग उनके सिद्धांतों को मानने वाले लोग हैं। उनकी इच्छा के अनुरूप ही बिहार को लगातार आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के प्रति हमारी पूरी श्रद्धा का भाव है, जब तक हम जीवित हैं उन्हें भूल नहीं सकते हैं।

नागालैंड जाने के प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नागालैंड जा रहे हैं वहां के लोगों ने मुझे आमंत्रित किया है। नागालैंड में भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी वर्ष 1964 से तीन साल तक रहे थे। वहां के लोग हमारे पास आते रहते हैं, मिलते रहते हैं। नागालैंड के लोगों का लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के प्रति काफी सम्मान और श्रद्धा का भाव है।

सैफई जाने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां हम कल जाएंगे।

******